संख्या–cm-18
06/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश

पटना, 06 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में आज सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने शिवहर जिला स्थित पिपराही प्रखंड के शेख बसहिया गांव के वार्ड संख्या–11 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने गुलशन जीविका स्वयं सहायता समूह की मदद से खोली गई राफिया जेनरल स्टोर, समेकित बाल विकास परियोजना, पिपराही, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, स्मार्ट प्रीपेड मीटर आदि विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। बिहार महादलित विकास मिशन के तहत संचालित शारदा किशोरी समूह से जुड़ी महिलाओं, ग्रामीणों एवं दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखी, जिसके समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट का अनावरण कर तथा फीता काटकर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, शिवहर (छतौना विशुनपुर) का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने क्लास रूम, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, एन्वॉयरनमेंट इंजीनियरिंग लेबोरेट्री, गर्ल्स हॉस्टल, मेस आदि का मुआयना कर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर में छात्र–छात्राओं के खेलकूद की सुविधा एवं प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को फ़िल्म देखने की प्रबंध सुनिश्चित कराएं। खेल–कूद बहुत आवश्यक है, इससे युवाओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। मुख्य सड़क से इस अभियंत्रण महाविद्यालय तक सुगमतापूर्वक आवागमन हेतु पथ का निर्माण कराएं। महाविद्यालय भवन का नियमित रूप से मेंटेनेंस एवं साफ–सफाई होनी चाहिए। क्लास रूम में छात्र सुविधापूर्वक बैठकर अध्ययन कर सके, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। प्रोफेसर एवं स्टाफ के साथ–साथ छात्रों के पढ़ने एवं उनके आवासन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। स्थानीय लोगों की मांग पर मुख्यमंत्री ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय शिवहर के पास स्थित महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्रावास का निर्माण एवं शिवहर पॉलीटेक्निक संस्थान की चहारदीवारी बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, शिवहर के प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को फूल माला भेंटकर उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के पश्चात् शिवहर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के सभी जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का हमलोगों ने निर्णय लिया था। इसी सिलसिले में शिवहर में इंजीनियरिंग कॉलेज बनकर तैयार हो गया है। इसे देखने हम यहां

आये हैं। शिवहर में इंजीनियरिंग कॉलेज काफी अच्छे ढ़ंग से बनाया गया है। इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद कुछ चीजों को लेकर हमने अधिकारियों को सुझाव दिया है। यहां पढ़नेवाले बच्चे एवं बच्चियों के लिए सभी तरह की सुविधा होनी चाहिए। खेलकूद की भी व्यवस्था जरुरी है। बिल्डिंग का मेंटेनेंस भी होते रहना चाहिए ताकि कभी किसी को कोई दिक्कत नहीं हो। हमने सुझाव दिया है कि बच्चे बच्चियों को फिल्म देखने के लिए कैंपस में ही इंतजाम कर दीजिए। युवा अवस्था में लोगों को फिल्म देखने की आदत रहती है तो उसके लिए किसी को बाहर नहीं जाना पड़े, यहां पर ही देख सके। शनिवार और रविवार को फिल्म देखने का इंतजाम कर दीजिए। हमलोग जब पढ़ते थे तो फिल्म देखने जाया करते थे। शिवहर की यात्रा काफी अच्छी रही है। हमलोग पहले से भी यहां आकर एक–एक चीज को देखते रहे हैं। हमने एक बार फिर तय किया कि एक बार फिर से चल कर देख लें कि विकास का कार्य कैसा चल रहा है।

रीगा चीनी मिल के बंद होने से किसानों को हो रही परेशानी के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग चाह रहे हैं मिल फिर से चालू कर दिया जाए। मिल के मालिक छोड़ के चले गये हैं तो हमलोग चाह रहे हैं नया लोग इसे चालू करें। इसको लेकर हमने प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश दे दिया है। चीनी मिल बंद होने से किसानों को काफी दिक्कत हो जाती है। गन्ना को दूसरी जगहों पर जाकर बेचने के लिए सरकार के द्वारा इंतजाम किया जाना अलग बात है। पहले काफी अच्छा से रीगा चीनी मिल चलता था लेकिन अब इसका मालिक भाग गया है। हमलोग चाह रहे हैं कि दूसरा कोई इस मिल को चालू करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेलवा बांध का निर्माण कार्य भी चल रहा है। बांध के ऊपर सड़क का निर्माण किया जायेगा ताकि लोगों को आने–जाने में सुविधा हो।

कल से बिहार में जाति आधारित गणना शुरु होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कल से जाति आधारित गणना शुरु हो रही है। जाति की गणना सही ढंग से हो इसको लेकर कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई है। गणना कार्य में लगे सभी कर्मचारी एक–एक घर में जाकर एक–एक चीज की जानकारी लेंगे। कई बार लोग जाति की जगह अपनी उप जाति बता देते हैं। ऐसी स्थिति में उसके बगल में रहनेवाले व्यक्ति से जाति के संबंध में जानकारी ली जायेगी। सभी लोग अपनी–अपनी जाति के संबंध में सही जानकारी देंगे तो उसकी गणना ठीक ढंग से हो सकेगी। बहुत अच्छे ढंग से जाति की गणना होगी। हमने कहा है कि अगर यहां का कोई व्यक्ति बाहर में रह रहा है तो उसके साथ भी कम्युनिकेशन ठीक ढंग से होनी चाहिए। इससे सही मायने में सभी जातियों की संख्या की गिनती हो सकेगी। इससे पूरे राज्य की जनसंख्या की गिनती हो जायेगी। लोगों की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी सरकार को हो जायेगी। लोगों की आर्थिक स्थिति की जानकारी मिलने से उनके विकास के लिए योजनाएं शुरु करने में मदद मिलेगी, इससे लोगों को फायदा मिलेगा और इलाके का विकास होगा। कोई अगर गरीब है तो उसके लिए क्या किया जाना चाहिए, ये सब जानकारी हो जायेगी। सिर्फ जाति की गणना ही नहीं हो रही है उनकी आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण भी किया जायेगा। इससे एक–एक चीज की जानकारी सरकार को हो जायेगी कि आगे और क्या–क्या काम करना चाहिए ताकि सभी लोगों का विकास हो सके। हमलोग चाहते थे कि राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जगणना हो लेकिन वे लोग सहमत नहीं हुए तो हमलोगों ने अपने स्तर से बिहार में इसे करने का फैसला लिया। यहां की जाति गणना होने के बाद हमलोग केंद्र को भी जानकारी दे देंगे। इससे देश के विकास और समाज के हर तबके के उत्थान में काफी मदद मिलेगी।

शिवहर जिले में निरीक्षण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी जिला अंतर्गत प्रखंड डुमरा के राघोपुर बखरी स्थित राजकीय अंबेदकर आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण

के दौरान मुख्यमंत्री ने बालक छात्रावास, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, मेस, क्लासरूम आदि का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने अध्ययरत छात्रों से मिलकर उनके, पठन–पाठन, आवासन सहित उपलब्ध अन्य सुविधाओं के विषय में बात कर पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष रूप से ख्याल रखें।

विद्यालय की शिक्षिकाओं ने मुख्यमंत्री को मधुबनी पेंटिंग भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दो लाभुकों श्रीमती फूलकुमारी देवी एवं श्री रंजीत कुमार को मुख्यमंत्री ने सर्टिफिकेट प्रदान किया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महादलित समाज के बच्चों को हॉस्टल में रखकर कर उन्हें यहां शिक्षा दी जाती है। बांका मॉडल के आधार पर स्मार्ट क्लास में बच्चों को शिक्षा दी जाती है। इस आवासीय विद्यालय में पढ़ाई की बेहतर व्यवस्था की गई है, इसे देखने हम यहां आये हैं। इस तरह के विद्यालय से ग्रामीण इलाकों की तस्वीर बदलेगी। बच्चे पढ़ेंगे तभी उन्हें ज्ञान होगा और वे आगे बढ़ेंगे। हम हमेशा बोलते रहते हैं कि बच्चों को पढ़ाना बहुत जरुरी है। लड़कों के साथ–साथ लड़कियों को भी पढ़ाना है। पहले कुछ नहीं था, अब यहां कितनी बेहतर पढ़ाई हो रही है, यह देखकर मुझे अच्छा लग रहा है।

मुख्यमंत्री ने जिला सीतामढ़ी के डुमरा प्रखंड स्थित बेरवास पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान विकास जीविका महिला ग्राम संगठन, बेरवास से जुड़ी जीविका दीदियों के बीच मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना का किट वितरित किया। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना के 4 लाभुकों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से चेक प्रदान किया। बेरवास पंचायत में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत सुविधाओं के संबंध में मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से जानकारी प्राप्त की और उनकी समस्याएं भी सुनी। गामीणों के समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया।

जिला अतिथि गृह, सीतामढ़ी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं फूल माला भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चंद्र ठाकुर, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सह सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले के प्रभारी मंत्री मो0 जमां खान, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, सांसद श्री सुनील कुमार पिंटू, विधायक श्री पंकज कुमार मिश्रा, विधायक श्री दिलीप राय, विधायक श्री चेतन आनंद, विधान पार्षद श्री रामेश्वर महतो, विधान पार्षद श्री खालिद अनवर, विधान पार्षद श्रीमती रेखा कुमारी, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजू गीता, पूर्व सांसद श्री रामकुमार शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव, विज्ञान एवं प्रावैधिकी श्री लोकेश कुमार सिंह, सचिव, भवन निर्माण श्री कुमार रवि, सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण श्री देवेश सेहरा, सचिव, ग्रामीण विकास श्री बाला मुरुगन डी0, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त तिरहुत प्रमंडल श्री गोपाल मीणा, जिलाधिकारी, सीतामढ़ी श्री मनेश कुमार मीणा, जिलाधिकारी, शिवहर श्री मुकुल कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी श्री हरकिशोर राय, पुलिस अधीक्षक, शिवहर श्री अनंत कुमार राय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******